तापमान

अधिकतम 40 डिग्री

न्यूनतम 31 डिग्री

# हरिभूमि धमतरी भूमि

रायपुर, मंगलवार 19 मई 2026

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

11 केंद्रीय सचिव कमलकिशोर की महामाया मंदिर समिति के साथ...



12 जिले के उज्ज्वल भविष्य की परिकल्पना है ड्रीम कॉरिडोर



## खबर संक्षेप

### महंगाई के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन 19 को

**धमतरी।** बढ़ती महंगाई के विरोध में कांग्रेस पार्टी द्वारा 19 मई को प्रदर्शन किया जाएगा। यह प्रदर्शन मकई चौक स्थित पेट्रोल पंप में शाम 4 बजे होगा। कार्यक्रम का आयोजन शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में किया जा रहा है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि पेट्रोल-डीजल, खाद्य सामग्री तथा सोना-चांदी की लगातार बढ़ती कीमत से आम जनता परेशान है। महंगाई का असर किसान, मजदूर, व्यापारी और मध्यम वर्गीय परिवारों पर सबसे अधिक पड़ रहा है। लोगों के घरेलू बजट पर अतिरिक्त बोझ बढ़ गया है और आवश्यक वस्तुओं की खरीद मुश्किल होती जा रही है। यह आयोजन प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के आह्वान और जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर किया जा रहा है। पार्टी ने सभी कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों से बड़ी संख्या में उपस्थित होकर आंदोलन को सफल बनाने की अपील की है।

### शिक्षक ने जहर सेवन कर दी जान

**धमतरी।** अज्ञात कारणों से एक शिक्षक ने कीटनाशक दवाई का सेवन कर आत्महत्या कर ली है। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार सिहावा थाना क्षेत्र के ग्राम सिरसिदा निवासी पुनारद जांगड़े पिता नंदुराम उम्र 61 वर्ष शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मोंगराडीह में शिक्षक के पद पर पदस्थ था। शिक्षक ने सोमवार की सुबह घर में रखी कीटनाशक दवाई का सेवन कर लिया। घटना की जानकारी होने पर परिजन उसे तत्काल उपचार के लिए नगरी अस्पताल ले गए। जहां से रिफर करने पर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान शिक्षक की मौत हो गई। चौकी पुलिस ने पंचनामा व पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। शिक्षक द्वारा जहर सेवन करने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है।

### फांसी लगाकर युवक ने की आत्महत्या

**धमतरी।** अज्ञात कारणों से एक युवक ने अपने घर के बाड़ी में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम बंजारी निवासी गगन साहू पिता देवेंद्र साहू उम्र 20 वर्ष मजदूरी का काम करता था। युवक रविवार की रात्रि घर में भोजन कर टहलने के लिए निकला था। इसी दौरान देर रात्रि युवक ने अपने घर के सामने बाड़ी स्थित आम पेड़ में निवाड़ रस्सी का फंदा बना फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सोमवार की सुबह युवक को पेड़ पर फंदे में लटका देख परिजनों ने अर्जुनी पुलिस को घटना की सूचना दी। पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और पंचनामा की कार्रवाई कर शव को फंदे से नीचे उतरवाकर वरदान संस्था के शिवा प्रधान व अभिषेक सोनकर की मदद से शव को एंबुलेंस से जिला अस्पताल पहुंचाया। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया गया।

# मंडी में धान की बढ़ी आवक, बेहतर दाम से किसानों के चेहरे खिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

कृषि उपज मंडी श्यामतराई में इन दिनों धान की आवक लगातार बढ़ रही है। मंडी परिसर में किसानों की भीड़ और खरीदी-बिक्री की बढ़ी गतिविधियों से रौनक नजर आ रही है। बेहतर बाजार भाव मिलने से किसान उत्साहित हैं और बड़ी संख्या में अपनी उपज लेकर मंडी पहुंच रहे हैं। व्यापारियों के बीच प्रतिस्पर्धी खरीदी और पारदर्शी नीलामी व्यवस्था के कारण धान के दाम मजबूत बने हुए हैं।

मंडी में विभिन्न किस्मों के धान को संतोषजनक कीमत मिली। आईआर-64 धान 1811 रुपये प्रति क्विंटल तक बिका, जबकि गोल्डन सांभा धान को 2121 रुपये प्रति क्विंटल तक का भाव मिला। इसी तरह 1010 किस्म का धान 1770 रुपये प्रति क्विंटल, सरोना धान 1935 रुपये प्रति क्विंटल और ओम श्री धान 2501 रुपये प्रति क्विंटल तक बिका। वहीं सांभा धान 2461 रुपये प्रति क्विंटल के भाव में बिका। गुणवत्ता के अनुसार अन्य किस्मों को भी अच्छे दाम मिलने से किसानों में संतोष देखा गया।

मंडी से मिली जानकारी के अनुसार प्रतिदिन सैकड़ों क्विंटल धान की आवक हो रही है। किसानों की बढ़ती आवाजाही से मंडी में गतिविधियां तेज हो गई हैं। किसानों का कहना है कि इस बार उन्हें उनकी मेहनत का उचित मूल्य मिल रहा है, जिससे आगामी फसल की तैयारी को लेकर भी उनमें उत्साह बढ़ा है।

## आईआर-64 को 1811, गोल्डन सांभा को 2121 का भाव मिला

### मजदूर वर्ग में भी खुशी का माहौल

धान की आवक बढ़ने का लाभ मंडी में काम करने वाले हमाल और रेजा मजदूरों को भी मिल रहा है। मजदूरों का कहना है कि लगातार काम मिलने से उनकी आय में सुधार हुआ है और परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत हो रही है। मंडी में बढ़ती गतिविधियों से मजदूर वर्ग में भी संतोष का माहौल है।



### बेहतर दाम मिलने से किसानों को मिली राहत

धान बेचने पहुंचे किसान पुनवा राम साहू मुजगहन, पोषण साहू कुर्रीडीह, रोहित साहू बोड़रा, राकेश साहू देमार, ईश्वर साहू रुद्री, पीतेश कुमार श्यामतराई और चिंता राम श्यामतराई ने कहा कि बेहतर दाम मिलने से उन्हें राहत मिली है और बाजार में आगे भी तेजी बने रहने की उम्मीद है।

उदंती सीतानदी के जंगल में अतिक्रमणकारियों को गिरफ्तार करने पहुंची थी टीम

# जैतपुरी में डीएफओ वरूण जैन सहित वन विभाग की टीम पर ग्रामीणों ने बोला हमला

- पुलिस बल के पहुंचने के बाद हालात नियंत्रण में आया

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

टाइगर रिजर्व के डीएफओ सहित वन विभाग की टीम पर ग्रामीणों द्वारा हमला किए जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। सिहावा थाना के संवेदनशील गांव जैतपुरी में सोमवार को उस समय हड़कंप मच गया जब अतिक्रमणकारियों को गिरफ्तार करने पहुंची वन विभाग की टीम के साथ बड़ी संख्या में महिला पुरूषों ने घेरकर झूमाझटकी की और कपड़े फाड़ दिए। स्थिति बिगड़ते देख तत्काल सिहावा पुलिस को सूचना दी गई जिसके बाद पुलिस बल मौके पर पहुंचे और हालात को नियंत्रण में किया।

जानकारी के अनुसार ग्राम जैतपुरी लंबे समय से वन अतिक्रमण और जंगल कटाई के मामलों को लेकर चर्चा में है। हाल ही में सैटेलाइट इमेजरी और ड्रोन सर्वे के जरिये की गई जांच में बड़े पैमाने पर अवैध कब्जे और जंगल कटाई का खुलासा हुआ है। जांच में पाया गया है कि पिछले 15 साल में करीब 1 लाख वृक्षों की कटाई कर 106 हेक्टेयर यानी 265 एकड़ वन भूमि पर कब्जा किया गया है।

वन विभाग की रिपोर्ट के अनुसार अतिक्रमित स्थान सीतानदी टाइगर रिजर्व का कोर जोन और महानदी कैचमेंट एरिया में आता है जो पर्यावरण, वन्य जीव संरक्षण की दृष्टि से बेहद संवेदनशील माना जाता है। साल 2011 में जहां 45 हेक्टेयर भूमि पर अतिक्रमण दर्ज था। अब वह बढ़कर 106 हेक्टेयर में पहुंच गया है। अधिकारियों के अनुसार यहां पहले प्रति हेक्टेयर 1000 वृक्ष मौजूद थे लेकिन वर्तमान में इसकी संख्या घटकर 25 से 50 वृक्षों तक सीमित रह गई है।





### 166 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

वन विभाग ने अतिक्रमण तथा वृक्षों के कटाई के मामले में 166 लोगों के खिलाफ विभिन्न प्रकरण दर्ज किए हैं। सभी आरोपियों को बेदखली नोटिस जारी किया गया है। आरोपियों की अग्रिम जमानत न्यायालय ने निरस्त कर दिया है। इसी सिलसिले में डीएफओ तथा उपनिदेशक वरूण जैन अपनी टीम के साथ ग्राम जैतपुरी पहुंचे। बताया जा रहा है कि गिरफ्तारी की कार्रवाई शुरू होते ही ग्रामीण बड़ी संख्या में एकत्रित हो गए और विरोध प्रदर्शन करते हुए वन विभाग की टीम को घेर लिया। स्थिति तनावपूर्ण हो गई। अधिकारी कर्मचारी जैसे-तैसे सुरक्षित निकले।

### चार आरोपी को किया गया गिरफ्तार

डीएफओ वरूण जैन ने बताया कि टीम अतिक्रमणकरियों को गिरफ्तार करने गई थी लेकिन वहां मौजूद ग्रामीणों ने अचानक हमला बोल दिया। उन्होंने बताया कि स्थिति काफी गंभीर हो गई थी। तुरंत सूचना देकर पुलिस से सहायता मांगी गई। पुलिस के पहुंचने के बाद हालात नियंत्रण में आया और चार आरोपियों विष्णु कश्यप, मंगिया सलाम, जोहन सिंह नेताम, फूलसिंग कोर्राम को गिरफ्तार किया गया। इस मामले में आगे भी कार्रवाई जारी है।

### घटना के बाद उठ रहे सवाल?

वन विभाग की टीम पर ग्रामीणों के हमले के बाद बड़ा सवाल यह है कि रिजर्व कोर क्षेत्र में 15 साल से लगातार जारी अतिक्रमण और जंगल कटाई पर समय रहते कार्रवाई क्यों नहीं की गई। यह जांच का विषय बन गया है। फिलहाल मामले को लेकर प्रशासन और वन विभाग सतर्क है। क्षेत्र में अतिरिक्त बल तैनात कर स्थिति पर नजर रखी जा रही है।

# बाघ शिकार के षड्यंत्र में चाचा-भतीजा पर शिकंजा



- झिरिया के पानी में जहर घोलने से बाघ ही नहीं वनकर्मी, ग्रामीण, वन्यजीवों को खतरा था

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व में बाघ के शिकार के षड्यंत्र में जांच जैसे-जैसे आगे बढ़ रही है, वैसे-वैसे पूरे वन्यजीव तस्करी नेटवर्क की परतें खुलती जा रही हैं। वन विभाग के पूछताछ में बड़ा खुलासा हुआ है। बाघ के शिकार की सुपारी आरोपी हिंगुल बांछा ने ली थी। हिंगुल बांछा का चाचा जालंधर बागरती स्वयं को तथा भतीजे को बचाने पूछताछ में गुमराह करता रहा।

वन विभाग की पूछताछ के दौरान आरोपी रमन हेरना ने जालंधर बागरती की पहचान की है। वन विभाग के अनुसार पूरे घटनाक्रम का वीडियो रिकार्डिंग दर्ज है जिसमें आरोपी अपने नेटवर्क और भूमिका का खुलासा करते दिखाई दे रहा है। मामाले की गंभीरता को देखते हुए वाईल्ड लाइफ क्राईम कंट्रोल ब्यूरो और डायरेक्टर ऑफ रेन्यू इंटेलिजेंस की मदद लेने की तैयारी की जा रही है। वन विभाग के अनुसार यह सिर्फ एक बाघ के शिकार का मामला नहीं है। आरोपियों ने ▶▶ शेष पेज 12 पर

### आरोपी की सूचना देने पर 10 हजार का इनाम

उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक वरूण जैन ने हिंगुल बांछा की सूचना देने या पकड़वाने वाले को 10 हजार का इनाम देने की घोषणा की है। विभाग ने भरोसा दिलाया है कि सूचना देने वाले की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी। वन विभाग ने क्षेत्र के ग्रामीणों को एवं जंगल से लगे इलाकों में रहने वालों से अपील की है कि यदि जहर डालने, अवैध शिकार या वन्यजीवों की तस्करी से जुड़े कोई भी संदिग्ध दिखाई दें तो तुरंत वन विभाग को सूचित करें।

# शौचालय से टकराई बाइक एक की मौत दूसरा घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

छट्ठी कार्यक्रम में जा रहे युवकों की बाइक मोड़ में अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित शौचालय से टकरा गई। इस घटना में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई है। वहीं दूसरा गंभीर रूप से घायल है।



- अरकार मोड़ की घटना

अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार समीपस्थ ग्राम पलारी थाना सनौद निवासी दीनू उइके पिता तीरथराम उम्र 23 वर्ष हाईवा वाहन में हेल्पर का काम करता था। युवक रविवार की रात्रि ग्राम कंवर के सूर्यप्रताप गंधर्व के साथ छट्ठी कार्यक्रम में शामिल होने बाइक से ग्राम अरकार जा रहे थे। इसी दौरान अरकार मोड़ में बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लोहे की चादर से बने शौचालय से टकरा गई। इस घटना में बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तत्काल उपचार के लिए पलारी के शासकीय अस्पताल पहुंचाया गया। जहां से रिफर करने पर घायलों को जिला अस्पताल लाया गया जहां डाक्टर ने चेकअप के बाद दीनू को मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल सूर्यप्रताप को प्राथमिक उपचार के बाद वार्ड में भर्ती किया गया है। चौकी पुलिस ने शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

# बगौद में भारी विरोध के बीच चला प्रशासन का बुलडोजर

- 40 साल पुराने कब्जे और पट्टे के दावे को किया जमींदोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

कुरुद ब्लॉक अंतर्गत ग्राम बगौद में सोमवार की दोपहर उस वक्त हड़कंप मच गया, जब प्रशासनिक अमला भारी पुलिस बल और बुलडोजर लेकर पहुंच गया। प्रशासन ने यहां एक निर्माणाधीन ढांचे को अवैध अतिक्रमण बताते हुए जमींदोज कर दिया। इस कार्रवाई के दौरान मौके पर भारी हंगामा और विरोध देखने को मिला।

कार्रवाई की भनक लगते ही गांव के बजरंग चौक पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। माहौल को भांपते हुए प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए थे। मौके पर तहसीलदार सूरज बंछोर, स्थानीय थाना प्रभारी, ग्राम सरपंच दशोदा कमलेश साहू सहित राजस्व विभाग का पूरा अमला और पुलिस बल डटा रहा। जहां प्रशासन इसे सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा मान रहा है, वहीं पीड़ित पक्ष ने इसे पूरी तरह एकतरफा और दमनकारी कार्रवाई करार दिया है। अचानक हुए इस एक्शन से पीड़ित परिवार खुद को ठगा सा महसूस कर रहा है। उन्होंने इसे अपनी सामाजिक प्रतिष्ठा पर गहरी चोट बताते हुए साफ किया है कि वे इस एकतरफा कार्रवाई के खिलाफ चुप नहीं बैठेंगे और न्याय के लिए जल्द ही उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाएंगे।





### पीड़ित पक्ष के दावे : हमारे पास पट्टा और रजिस्ट्री दोनों हैं

कार्रवाई की जद में आए पीड़ित अभय राम साहू, हेमचंद साहू और उनके परिवार ने इस एक्शन पर तीखा आक्रोश जताया है। परिवार का दावा है कि वे इस जमीन पर पिछले 40 वर्षों से काबिज हैं और वहां पहले से ही पत्थर की नींव डली हुई थी। इस जमीन को निजी (लगानी) समझकर खरीदा था, जिसकी बकायदा रजिस्ट्री है। इसके अलावा, साल 2017 में शासन ने उन्हें मुख्यमंत्री आबादी पट्टा भी जारी किया था, जिसे पूर्व में तहसीलदार कोर्ट ने सही माना था। पीड़ितों का आरोप है कि एसडीएम कोर्ट के आदेश के बाद उन्हें उच्च न्यायालय (हाईकोर्ट) में अपील करने का न्यूनतम समय भी नहीं दिया गया और अचानक ढांचा ढहा दिया गया।

### नियमों के तहत हटाया गया अतिक्रमण

यह पूरी कार्रवाई अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) न्यायालय के आदेश के परिपालन में की गई है। राजस्व रिकॉर्ड के मुताबिक यह भूमि आबादी दर्ज है। इस जगह पर बिना किसी वैध अनुमति या पट्टे के गैर-आवासीय (व्यावसायिक) निर्माण कार्य किया जा रहा था, जिसे अवैध मानते हुए हटाया गया है।

- **सूरज बंछोर**, *तहसीलदार कुरुद*

## हार्वेस्टर, ट्रैक्टरों की टंकियां खाली, कैसे होगी फसलों की कटाई

# डीजल, खाद संकट से टूट रही किसानों की उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

डीजल-पेट्रोल और खाद संकट ने किसानों को कमर तोड़ दी है। डीजल नहीं मिलने से हार्वेस्टर खड़े हो गए हैं। वहीं खरीफ फसल की तैयारी में दिक्कत आ रही है। डीजल बिना ट्रैक्टर चल नहीं पा रहे हैं। खाद के लिए किसान दर दर भटक रहे हैं।

सरकार कितने भी दावे कर ले कि अमेरिका, इजराइल और ईरान के युद्ध से देश अप्रभावित है, लेकिन अब इस युद्ध का व्यापक दुष्परिणाम स्पष्ट नजर आने लगा है। जिले के अधिकांश पेट्रोल पंप ड्राई हो गए हैं। फ्यूल आता है, दूसरे दिन खत्म हो जाता है। उर्वरक की स्थिति किसी से छिपी नहीं है। कृषि विभाग ने खेती के लिए खाद की लिमिट तक कर दी है। लिमिट भी ऐसी है कि किसानों में आक्रोश पनप रहा है। अब तक किसान खेतों में जितनी खाद डालते आ रहे है, उसका 25 प्रतिशत खाद भी नहीं दी जा रही है। स्थिति यह है कि किसान खाद की व्यवस्था करने के लिए दर-दर भटक रहे हैं। खाद वितरण की ऑनलाइन व्यवस्था ऐसी है कि उन्हें खुले मार्केट में भी खाद लिमिट में ही मिल रही है। किसान शत्रुघन साहू, दयाशंकर साहू ने बताया कि खाद की लिमिट नहीं बढ़ाई जाती है तो खेती से लागत निकालना भी मुश्किल हो जाएगा।



### खड़े हो गए हार्वेस्टर

पूरे जिले की अर्थव्यवस्था की रीढ़ खेती है। डीजल संकट के चलते अब यह अर्थव्यवस्था डगमगा रही है। पेट्रोल पंपों में डीजल नहीं है। जहां उपलब्ध है, वहां जेरिकेन में डीजल नहीं दिया जा रहा है। ऐसे में हार्वेस्टर बंद हो गए हैं। उधर धान की फसल पककर तैयार है। आंधी और बारिश के थपेड़ों से फसल को लगातार नुकसान हो रहा है। मशीनों के नहीं चल पाने से किसान फसल को बर्बाद होते देखकर भी कुछ नहीं कर पा रहे हैं।

### ग्राहकों को डीजल देने में आनाकानी

रविवार को देमार, पीपरछेड़ी, अर्जुनी सहित क्षेत्र के अधिकांश पेट्रोल पंप ड्राई हो गए थे। पीपरछेड़ी के एक पंप में डीजल था, लेकिन यहां भी ग्राहकों को डीजल देने में आनाकानी की जा रही थी। कुछ चुनिंदा लोगों को ही डीजल दिया जा रहा था। उधर किसान ट्रैक्टर लेकर इस पंप से उस पंप पर भटकते रहे, लेकिन उन्हें डीजल नहीं मिला। डीजल खोजने के चक्कर में ट्रैक्टरों की टंकियां खाली हो गई हैं। ऐसे में किसानों को परेशानी उठानी पड़ रही है।



## खबर संक्षेप

### पुरी में पानी की समस्या होगी दूर



पुरी। ग्राम पंचायत पुरी में पानी की समस्या को देखते हुए जनपद सदस्य नम्रता पालनहार दिली ने पीएचई विभाग से बोर खनन की मांग की थी। ग्रामीणों की मौजूदगी में बोर खनन कार्य चालू किया गया।

## निधन

### किशन चंद देवानी



धमतरी। स्व. भागचंद देवानी के पुत्र किशनचंद देवानी का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 18 मई को सुबह 9 बजे निवास आमापारा सिंधी धर्मशाला के सामने गली से निकली। वे कमल देवानी के पिता व श्रीमती माया देवी के बेटे थे।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### बाघ शिकार के षड्यंत्र में चाचा-भतीजा पर...

जंगल के प्राकृतिक जल स्त्रोतों में जहरीला पदार्थ मिलाया था। उसी झिरिया के पानी का उपयोग वनरक्षक, पेट्रोलिंग कर्मचारी और कई वन्यजीव पीने के लिए करते हैं। इसमें इंसान भी निशाना बन सकते थे।

वन विभाग ने बताया झिरिया के पानी में जहर मिलाने से बाघ, तेन्दुआ, भालू, गौर, हिरण सहित कई दुर्लभ वन्यजीवों की जान खतरे में पड़ सकती थी। साथ ही आसपास के ग्रामीण मवेशियों एवं वन अमले की सुरक्षा गंभीर रूप से प्रभावित हो सकती थी। इस मामले में सात आरोपी पहले ही वन्य अपराध में जेल भेजे जा चुके हैं। वहीं फरार आरोपी हिंगुल बांछा ग्राम कुसुमखुंटा की तलाश तेज कर दी गई है। वन विभाग को आशंका है कि गांव के एक से अधिक लोग इस साजिश में शामिल हो सकते हैं। जल्द ही बड़े स्तर पर कार्रवाई हो सकती है।

# प्रधानमंत्री आवास योजना : पक्के घर से हुई नई जिंदगी की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

धमतरी विकासखंड के प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत लाभान्वित हितग्राही ताराबाई नेताम (खपरी) और कुमारी बाई, तुकाराम सिन्हा, तीरथराम साहू, सतरूपा साहू (भटगांव) का जीवन वर्षों तक अभावों और कठिनाइयों के बीच गुजरता रहा। लेकिन प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के माध्यम से मिला पक्का घर उनके जीवन में नई रोशनी लेकर आया। सुशासन दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री के हाथों आवास की चाबी प्राप्त करना उनके लिए केवल एक सरकारी सहायता नहीं बल्कि सम्मान, सुरक्षा और नए जीवन की शुरुआत का प्रतीक बन गया।

ताराबाई नेताम, कुमारी बाई, तुकाराम सिन्हा, तीरथराम साहू, सतरूपा साहू ग्रामीण अंचल की मेहनतकश महिलाएं हैं। उनका परिवार सीमित आय पर निर्भर था। रोज की मजदूरी और छोटे-मोटे कामों से किसी तरह परिवार का पालन-पोषण चलता था। मिट्टी और खपरैल से बना घर बरसात के मौसम में टपकता था, गर्मी में तपता था और सर्दी में ठंडी हवाओं को रोक नहीं पाता था।

## सीएम ने ग्रामीण क्षेत्र के हितग्राहियों को सौंपी घर की चाबी




### सपनों का मिला घर

ताराबाई नेताम, कुमारी बाई, तुकाराम सिन्हा, तीरथराम साहू, सतरूपा साहू ने भी योजना के लिए आवश्यक प्रक्रिया पूरी की। लेकिन प्रशासन और पंचायत के सहयोग से उनका चयन योजना में हुआ और धीरे-धीरे उनके सपनों का घर आकार लेने लगा। जब घर निर्माण शुरु हुआ तब पूरे परिवार में उत्साह का माहौल था। परिवार के सदस्य भी निर्माण कार्य में सहयोग करते थे। यह वह सपना था जिसे उन्होंने वर्षों तक अपने मन में संजोकर रखा था। इस खुशी को और विशेष बना दिया वह क्षण, जब प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत ताराबाई नेताम, कुमारी बाई, तुकाराम सिन्हा, तीरथराम साहू, सतरूपा साहू को उनके नए घर की चाबी सौंपते हुए सुखी और समृद्ध जीवन की मंगलकामना की। यह केवल घर की चाबी नहीं थी बल्कि संघर्षों से मुक्ति और आत्मसम्मान की पहचान थी। पहले वे स्वयं को समाज में असुरक्षित और उपेक्षित महसूस करती थी लेकिन अब पक्का घर मिलने से उनमें सम्मान और आत्मनिर्भरता की भावना मजबूत हुई।

### गरीबी और संघर्ष को करीब से देखा

ताराबाई अक्सर सोचती थी कि क्या कभी उनके परिवार को भी ऐसा घर मिलेगा जहां बारिश में डर न लगे और हर मौसम में सुरक्षित जीवन जी सके। कुमारी बाई की स्थिति भी कुछ अलग नहीं थी। उन्होंने गरीबी और संघर्ष को बहुत करीब से देखा था। इसी बीच उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की जानकारी मिली।

### भखारा-भठेली में विकास कार्यों की सौगात लेकर आज पहुंचेंगे विधायक अजय

# ई-लाइब्रेरी, बॉक्स क्रिकेट एवं करोड़ों के विकास कार्यों का होगा भूमिपूजन और लोकार्पण

- ज्योति हरख जैन ने नगर एवं क्षेत्रवासियों से की उपस्थित होने की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶अंवरी







विकास कार्यों के प्रति अपनी दूरदर्शी सोच के लिए पहचाने जाने वाले क्षेत्रीय विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अजय चंद्राकर का नगर पंचायत भखारा-भठेली आगमन 19 मई, मंगलवार को होने जा रहा है। इस दौरान वे विभिन्न विकास कार्यों के भूमिपूजन एवं लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल होंगे। विधायक के आगमन को लेकर नगर सहित पूरे क्षेत्र में उत्साह का वातावरण बना हुआ है।

नगर पंचायत भखारा-भठेली में आयोजित इस विशेष कार्यक्रम के दौरान लगभग 577.96 लाख रुपये की लागत से विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया जाएगा। इनमें एसटीपी निर्माण कार्य हेतु 315.06 लाख रुपये, शॉपिंग कॉम्पलेक्स निर्माण कार्य हेतु 116.74 लाख रुपये, ऑक्टांगल स्ट्रीट पोल एवं एलईडी लाईट स्थापना कार्य हेतु 73.58 लाख रुपये, मल्टी स्पोर्ट टर्फ ग्राउंड निर्माण कार्य हेतु 20.23 लाख रुपये, बाउंड्रीवाल निर्माण हेतु 18.95 लाख रुपये तथा सम्पवेल निर्माण कार्य हेतु 13.16 लाख रुपये की स्वीकृति शामिल है।

इसके अलावा बोर खनन कार्य 7.42 लाख रुपये, शेड निर्माण कार्य 7.44 लाख रुपये, यात्री प्रतीक्षालय निर्माण कार्य 2.81 लाख रुपये, शौचालय निर्माण कार्य 1.74 लाख रुपये तथा चबूतरा निर्माण कार्य 0.83 लाख रुपये की लागत से किए जाएंगे। इन कार्यों के पूर्ण होने से नगर में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार होगा तथा नागरिकों को बेहतर सुविधाएं प्राप्त होंगी।

वहीं लगभग 98.82 लाख रुपये की लागत से पूर्ण हुए विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण भी विधायक अजय चंद्राकर द्वारा किया जाएगा। इनमें प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले युवाओं के लिए आधुनिक ई-लाइब्रेरी निर्माण कार्य 9.98 लाख रुपये, सामुदायिक भवन निर्माण कार्य 6.33 लाख रुपये, मोटर पंप एवं पानी टंकी स्थापना कार्य 2 लाख रुपये, सीसी रोड निर्माण कार्य 54.44 लाख रुपये तथा नाली निर्माण कार्य 26.07 लाख रुपये शामिल हैं। कार्यक्रम के दौरान युवाओं के लिए विशेष आकर्षण आधुनिक ई-लाइब्रेरी एवं खेल सुविधाओं से संबंधित कार्य रहेंगे। बॉक्स क्रिकेट एवं मल्टी स्पोर्ट टर्फ ग्राउंड जैसे निर्माण कार्यों से क्षेत्र के खिलाड़ियों को बेहतर मंच मिलेगा तथा युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहन प्राप्त होगा। नगर पंचायत द्वारा बताया गया कि ई-लाइब्रेरी एवं बॉक्स क्रिकेट जैसे महत्वपूर्ण कार्यों के लिए कलेक्टर अविनाश मिश्रा का विशेष योगदान रहा है। डीएमएफ मद से इन कार्यों की स्वीकृति प्रदान किए जाने से नगर के युवाओं को शिक्षा एवं खेल के क्षेत्र में नई सुविधाएं प्राप्त हो सकेंगी। यह कार्यक्रम बिसाहू सिंह गौर उच्चतर माध्यमिक शाला प्रांगण में आयोजित किया जाएगा, जहां बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी एवं नगरवासी उपस्थित रहेंगे।

नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति हरख जैन, सीएमओ हरिकिशन पावरिया एवं नगर पंचायत टीम ने नगर एवं क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर विकास के इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में सहभागी बनने की अपील की है। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र में निरंतर विकास कार्यों के माध्यम से नागरिक सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है तथा आने वाले समय में भखारा-भठेली को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित नगर के रूप में विकसित किया जाएगा।

# आमदी कॉलेज में स्वयं पोर्टल पंजीयन कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶आमदी(धमतरी)



शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी, जिला धमतरी (छ.ग.) में विद्यार्थियों को डिजिटल शिक्षा एवं ऑनलाइन शिक्षण प्रणाली से जोड़ने के उद्देश्य से स्वयं पोर्टल पंजीयन कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. मनदीप खालसा के निर्देशन में तथा शैक्षणिक उन्नयन शिक्षण प्रशिक्षण एवं अनुसंधान विकास प्रकोष्ठ के तत्वावधान में संपन्न हुई।

कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. मनदीप खालसा ने अपने उद्बोधन में कहा कि वर्तमान समय में डिजिटल एवं ऑनलाइन शिक्षा विद्यार्थियों के लिए ज्ञान अर्जन का एक प्रभावी एवं सशक्त माध्यम बन चुकी है। उन्होंने विद्यार्थियों को स्वयं पोर्टल के माध्यम से राष्ट्रीय स्तर के विभिन्न पाठ्यक्रमों से जुड़कर अपने ज्ञान, कौशल एवं व्यक्तित्व विकास हेतु निरंतर प्रयास करने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में शैक्षणिक उन्नयन, शिक्षा प्रशिक्षण एवं अनुसंधान विकास प्रकोष्ठ के प्रभारी डीगेश्वर अटल एवं प्रकोष्ठ सदस्य रमेश कुमार द्वारा विद्यार्थियों को स्वयं पोर्टल की विस्तृत एवं व्यवहारिक जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने विद्यार्थियों को पोर्टल पर पंजीयन प्रक्रियाएं पाठ्यक्रम चयन, अध्ययन सामग्री प्राप्त करने की विधि ऑनलाइन कक्षाओं, परीक्षा प्रणाली एवं प्रमाण–पत्र संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियों से अवगत कराया। साथ ही विद्यार्थियों को यह भी बताया गया कि स्वयं पोर्टल के माध्यम से देश के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों द्वारा संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों का लाभ घर बैठे प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों को विशेष रूप से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कौशल विकास एवं रोजगारपरक पाठ्यक्रमों में सहभागिता हेतु प्रेरित किया, जिससे विद्यार्थी आधुनिक तकनीकी ज्ञान अर्जित कर अपने भविष्य को अधिक सशक्त एवं प्रतिस्पर्धी बन सकें। कार्यशाला के दौरान विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए स्वयं पोर्टल पंजीयन प्रक्रिया को व्यवहारिक रूप से समझा।

कार्यक्रम के अंत में वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक गौकरण प्रसाद जायसवाल द्वारा विद्यार्थियों को डिजिटल शिक्षा के महत्व से अवगत कराते हुए स्वयं पोर्टल का अधिकाधिक लाभ लेने हेतु प्रेरित किया गया तथा सभी प्रतिभागियों एवं सहयोगियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में सहा. प्राध्यापक तरुण बनर्जी, अंकित बोधवानी, युगेश्वर प्रसाद साहू, महेश एवं भुजेश मंडावी का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम में लगभग 220 से अधिक छात्र–छात्राओं की सक्रिय उपस्थिति रही।

# डांडेसरा में रेलवे ओवरब्रिज के नीचे पानी भरने से आवागमन में परेशानी

- ग्रामीणजनों के साथ अन्य गांवों से आने-जाने वाले लोग हो रहे हैं दुर्घटना के शिकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶डांडेसरा(धमतरी)





ग्राम डांडेसरा में रेलवे लाइन बिछाई गई है। विभाग द्वारा लोगों के आवागमन के लिए ओवरब्रिज का निर्माण किया गया है, साथ ही पानी निकासी के लिए नाली निर्माण भी किया गया है। परंतु आज की स्थिति में पानी की निकासी नहीं हो पा रहा है, जिसके कारण उक्त स्थान में घुटने तक पानी भरा हुआ है। ग्राम डांडेसरा के निवासी टिकेश्वर साहू ने बताया कि गांव वालों के साथ-साथ, आस-पास के गांव भालुझूलन, सेमरा डी, सेनचुवा, हंकारा, डाही सहित अन्य गांवों के लोग इस रास्ते से प्रतिदिन आवागमन करते हैं। इस रास्ते से गुजरते समय लोगों को काफी मुसीबतों का सामना करना पड़ता है, खासतौर से रात के समय। इस रास्ते से गुजरते समय मोटर साइकिल बाईक से गांव के व्यक्तियों के साथ-साथ, अन्य गांवों के लोग दुर्घटना का शिकार हो चुके हैं। कभी-कभी चार पहिया वाहन के चक्के इस रास्ते से गुजरते समय धंस जाते हैं। 15 मई शुक्रवार को बारिश हुआ, लेकिन अभी तक पानी की निकासी नहीं हुआ है। आगे एक महीने करीब मानसून आने वाली है, इस स्थिति में समस्या और ज्यादा बढ़ जायेगी। इस संबंध में विभागीय अधिकारियों से समस्या का निराकरण करने की अपील की गई है।

# नीट यूजी पेपर लीक के खिलाफ छात्र संगठन ने किया प्रदर्शन

- केंद्रीय शिक्षामंत्री, मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति के नाम नायब तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी




छात्र संगठन एआईडीएसओ सेंट्रल काउंसिल द्वारा नीट यूजी पेपर लीक के खिलाफ 18 मई को तहसील कार्यालय कुरुद के सामने प्रदर्शन कर केंद्रीय शिक्षा मंत्री, मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति के नाम नायब तहसीलदार रामकुमार सिंह को ज्ञापन सौंपा गया। संघ की मांग है कि न्यायिक निगरानी में पारदर्शी और समयबद्ध जांच की जाए। पद और शक्ति की परवाह किए बिना सभी दोषियों को कठोर दंड दिया जाए। जांच के निष्कर्षों को सार्वजनिक किया जाए। सभी राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं में जवाबदेही और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए तत्काल कदम उठाए जाएं। नीट यूजी तथा अन्य केंद्रीय परीक्षाओं के संचालन से एनटीए को हटाया जाए। सभी परीक्षाएं सरकार द्वारा स्वयं पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ आयोजित की जाएं।

एआईडीएसओ जिलाध्यक्ष डारेंद्र साहू ने कहा कि राजस्थान में प्रश्नपत्र लीक के आरोपों के बाद नीट यूजी 2026 परीक्षा को रद्द किया जाना तथा सीबीआई जांच के आदेश ने एक बार फिर देश में केंद्र स्तर पर आयोजित उच्च महत्व की परीक्षाओं से जुड़े गहरे संकट को उजागर कर दिया है।

एआईडीएसओ का कहना है कि नीट यूजी और अन्य केंद्रीय परीक्षाओं से जुड़े लगातार घोटालों ने छात्रों और अभिभावकों के विश्वास को तोड़ दिया है। इस प्रदर्शन में जिला सचिव चंद्रभान चक्रधारी, विनय, कमलनारायण, नेमचंद, भाविका, लेमप्रकाश, पंकज, गुमान, तेजपाल, लोकेश्वर, युवराज उपस्थित रहे।

# जीवदया और गौसेवा में जुटे युवा, छह वर्षों से हर रविवार चला रहे सेवा अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



प.पू. श्री खर्तरगच्छ आचार्य श्री महेन्द्र सागर म.सा. की प्रेरणा से श्री जैन मणिधारी मित्र मंडल के युवा पिछले छह वर्षों से लगातार जीवदया और गौसेवा का कार्य कर रहे हैं। हर रविवार सुबह युवा टोली शहर के विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर गायों एवं अन्य मूक पशुओं को रोटी, सब्जी, फल सहित अन्य खाद्य सामग्री खिलाने के साथ-साथ पानी की व्यवस्था भी कर रही है।

युवाओं द्वारा यह सेवा कार्य प्रत्येक रविवार सुबह 6.30 बजे से शुरू किया जाता है। टोली गोल बाजार से लेकर विंध्यवासिनी मंदिर के पास स्थित गौशाला तक पहुंचकर गायों की सेवा करती है। इसके अलावा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में घूमकर बेसहारा पशुओं को भोजन उपलब्ध कराया जाता है। गर्मी के मौसम को देखते हुए पशुओं के लिए पानी पीने हेतु कोटना एवं पात्र भी वितरित किए जा रहे हैं।

जीवदया अभियान के अंतर्गत मकई चौक, गोलबाजार, सदर बाजार, इतवारी बाजार, रामबाग और बिलाई माता मंदिर क्षेत्र में नियमित रूप से सेवा कार्य किया जा रहा है। युवाओं का कहना है कि जीवदया सबसे बड़ा धर्म है और मूक पशुओं की सेवा से आत्मिक शांति प्राप्त होती है।

सेवा अभियान में विजय दुग्गड़, प्रतीक बैद, राहुल पारख, कान्हा गांधी, शुभम राखेचा, हर्षित जैन, अखिल ओस्तवाल, अतुल लोढ़ा, वीरांश बैद और कुशल बराडिया सहित कई युवा सक्रिय रूप से भागीदारी निभा रहे हैं।

शहरवासियों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि आज के समय में जहां लोग अपने निजी जीवन में व्यस्त रहते हैं, वहीं ये युवा हर सप्ताह समय निकालकर मूक पशुओं की सेवा कर मानवता और करुणा का संदेश दे रहे हैं। श्री जैन मणिधारी मित्र मंडल का यह अभियान अब शहर में प्रेरणा का केंद्र बनता जा रहा है।

# समर कैंप में बच्चे सीख रहे स्पोकन इंग्लिश, चित्रकारी





हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री

ग्रामीण साहू समाज अटंग के तत्वावधान में 18 मई सोमवार से साहू समाज भवन में समर कैंप का शुभारंभ हुआ। इस दौरान बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ स्पोकन इंग्लिश, खेलकूद, संगीत, चित्रकारी इत्यादि सिखाया जाएगा। गर्मी छुट्टी में बच्चे इधर-उधर घूमते रहते हैं । अपने समय को खराब करते हैं। इसे देखते हुए यह कार्यक्रम आयोजित है। इससे बच्चे संस्कारवान भी बनेंगे। समर कैंप में पूनाराम साहू, संतोषी साहू एवं अन्य युवा साथी अध्यापन कार्य करेंगे। टीकाराम साहू, टिकेंद्र साहू व अन्य बच्चों को रंगोली, चित्रकारी एवं संगीत का अभ्यास कराएंगे।

कार्यक्रम में टेकराम साहू परिक्षेत्र उपाध्यक्ष, भागवत राम साहू संयोजक, टेकराम साहू मार्गदर्शक, वेदप्रकाश साहू अध्यक्ष, टीकाराम साहू उपाध्यक्ष, घुसन साहू सचिव, सत्वन साहू कोषाध्यक्ष, बिसंभर साहू सहसचिव, रुद्रनाथ साहू मीडिया प्रभारी, संगीता साहू संगठन सचिव, डोमेश्वरी साहू, रुक्मिणि साहू, प्रकाश साहू, केशव साहू, दिलीप साहू पार प्रमुख, समाज सेवक रूपचंद साहू उपस्थित रहे।

Pride of Dhamtari

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)

14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध

डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़



समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद) मो. 9981321524 / 7223011528

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

### धार्मिक और प्राकृतिक धरोहरों के संरक्षण व संवर्धन पर हुई चर्चा

# केंद्रीय सचिव कमलकिशोर की महामाया मंदिर समिति के साथ हुई बैठक





हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग नई दिल्ली के केंद्रीय अतिरिक्त सचिव एवं मिशन संचालक कमलकिशोर सोन, उमेश भारद्वाज डिप्टी सेक्रेटरी जल जीविका मिशन एवं ओंकेश चंद्रवंशी केंद्रीय मंत्रालय का आगमन महामाया मंदिर 16 पाली समिति फरसियां में हुआ। उनके आगमन पर समिति के सदस्यों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया।

इस अवसर पर महामाया मंदिर परिसर में समिति के सदस्यों के साथ विशेष बैठक आयोजित की गई, जिसमें मंदिर के समग्र विकास, धार्मिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के विस्तार तथा महानदी उद्गम स्थल के संरक्षण एवं संवर्धन को लेकर चर्चा हुई। बैठक में क्षेत्र की धार्मिक आस्था एवं प्राकृतिक धरोहरों को सुरक्षित रखते हुए पर्यटन की संभावनाओं को बढ़ावा देने पर भी विचार-विमर्श किया गया।

केंद्रीय अतिरिक्त सचिव कमलकिशोर सोन ने कहा कि धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थलों का संरक्षण समाज की सांस्कृतिक पहचान को मजबूत करता है। उन्होंने महानदी उद्गम स्थल के महत्व को रेखांकित करते हुए इसके संरक्षण एवं स्वच्छता बनाए रखने के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता बताई। साथ ही स्थानीय लोगों की सहभागिता को विकास कार्यों की सबसे बड़ी शक्ति बताया।

समिति के सदस्यों ने महामाया मंदिर क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं के विस्तार, सौंदर्यीकरण, स्वच्छता व्यवस्था तथा श्रद्धालुओं की सुविधाओं में वृद्धि से संबंधित विभिन्न सुझाव प्रस्तुत किए। इस दौरान मंदिर परिसर के विकास के लिए, भविष्य की योजनाओं एवं संभावनाओं पर सकारात्मक चर्चा हुई।

समिति की ओर से कमलकिशोर सोन का अभिनंदन किया गया तथा क्षेत्र के विकास एवं धार्मिक धरोहरों के संरक्षण हेतु उनके मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा, सरपंच केशव टेकाम,त रिलोक साहू, शिवदयाल साहू, खेमेन्द्र साहू, प्रदीप सोन, पूर्णिमा शांडिल्य, उषा सोन चंपा साहू, अनीता साहू, वाणिका साहू, राजेश सिन्हा,अरुण प्रजापति, महामाई 16 पाली समिति के अध्यक्ष जवाहरलाल ध्रुव, सचिव नीरज सोन, राधेलाल साहू, दीनदयाल नागे, रेखा साहू, खेमसिंग चनाप, कन्हाई राम ध्रुव, कैलाश सोन, माधुरी कश्यप उपस्थित थे।

## दवा व्यापार बंद को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट

- अस्पताल और जन औषधि केन्द्र खुले रहेंगे
- कलेक्टर ने जीवन रक्षक दवाओं की उपलब्धता बनाए रखने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



जिला औषधि विक्रेता संघ द्वारा 20 मई को प्रस्तावित एक दिवसीय राष्ट्रव्यापी दवा व्यापार बंद को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन द्वारा आमजन, मरीजों एवं उनके परिजनों की सुविधा और स्वास्थ्य सुरक्षा हेतु आवश्यक व्यवस्था की गई है।

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने सहायक औषधि नियंत्रक को आवश्यक जीवन रक्षक दवाइयों, आपातकालीन स्वास्थ्य उत्पादों, चिकित्सकीय सामग्री तथा स्वास्थ्य सेवाओं की निर्बाध उपलब्धता बनाए रखने एवं जिले के समस्त शासकीय अस्पताल, निजी नर्सिंग होम एवं अस्पताल फार्मेसी, प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केन्द्र तथा श्री धन्वंतरि जेनेरिक मेडिकल स्टोर्स नियमित रूप से खुले रहने एवं आवश्यक दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं ।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने आमजन से अपील की है कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें तथा आवश्यकता पड़ने पर निकटतम शासकीय स्वास्थ्य संस्था अथवा अधिकृत मेडिकल स्टोर से संपर्क करें। इसके अतिरिक्त जिले के शासकीय स्वास्थ्य संस्थानों में आकस्मिक चिकित्सा सेवाएं, इमरजेंसी वार्ड, प्रसूति सेवाएं एवं आवश्यक उपचार सेवाएं पूर्ववत संचालित रहेंगी। जिला प्रशासन द्वारा संबंधित स्वास्थ्य संस्थानों को पर्याप्त दवा भंडारण एवं आवश्यक चिकित्सकीय सामग्री उपलब्ध रखने के निर्देश भी दिए हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने आमजन से अपील की है कि वे आवश्यकतानुसार पूर्व से ही नियमित उपयोग में आने वाली दवाइयां एवं जीवन रक्षक औषधियाँ डॉक्टर की पर्ची के आधार पर समय रहते प्राप्त कर लें।

## शनिदेव जयंती पर हवन पूजन एवं प्रसादी वितरण

**कोर्रा(भखारा)**। ग्राम अमलीडीह में जय मां बम्लेश्वरी सेवा समिति एवं समस्त ग्रामवासी के सहयोग से शनिदेव मंदिर में शनिदेव जयंती के पावन पर्व में हवन पूजन एवं प्रसादी भंडारा का आयोजन किया गया था। 16 मई शनिवार को जयंती कार्यक्रम रखा गया था जिसमें जय मां बम्लेश्वरी सेवा समिति के अध्यक्ष राजकुमार यादव, उपाध्यक्ष लक्ष्मी नारायण साहू, सचिव यंजू साहू, सहसचिव दिनेश कुमार बनपेला, कोषाध्यक्ष देवनाथ साहू, मोनू साहू, संजय साहू, सागर साहू, रामेश्वर साहू, सोमप्रकाश यादव, रोमसिंह, कीर्तन साहू, डोमार साहू, खुलेश्वर साहू, संतोष निर्मलकर, रूपराम निर्मलकर एवं ग्रामवासी सम्मिलित हुए।

# न्याय का इंतजार पुस्तक का हुआ विमोचन



- पुरखा के सुरता कार्यक्रम में गूंजी सामाजिक बदलाव की गूंज
- परंपरा तोड़ बेटे को मऊर सौंपने वाली पार्वती का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

छत्तीसगढ़ महतारी मंदिर कुरूद में एससी, एसटी, ओबीसी और अल्पसंख्यक समाज द्वारा आयोजित पुरखा के सुरता कार्यक्रम सामाजिक बदलाव और नारी सम्मान का गवाह बना। इस ऐतिहासिक मंच पर ग्राम गोजी की पार्वती साहू को विशेष रूप से सम्मानित किया गया, जिन्होंने विधवा होने के बावजूद पुरानी रूढ़ियों को दरकिनार कर अपने पुत्र के विवाह में मऊर सौंपने की रस्म खुद पूरी की। उनके इस साहसिक कदम को समाज ने महिला सशक्तिकरण की एक नई और प्रेरणादायी मिसाल माना।

समारोह के मुख्य अतिथि रायपुर संभाग के कमिश्नर महादेव कावरे और अध्यक्ष सतनामी समाज के जिला अध्यक्ष भावसिंह डहरे थे। इस वैचारिक मंच पर अतिथियों के हाथों लेखक एवं शिक्षाविद विनोद कुमार कोसले द्वारा लिखित पुस्तक न्याय का इंतजार का विमोचन हुआ।

पुरखा के सुरता मंच से समाज की नई पीढ़ी को प्रोत्साहित करते हुए 10वीं-12वीं के मेधावी छात्रों और नवोदय विद्यालय में चयनित विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र दिए गए। साथ ही सामाजिक एकीकरण के लिए कार्यरत साहित्यकार पंडित शंकर दादा और नशा मुक्ति व सामाजिक बुराई उन्मूलन में अग्रणी भूमिका निभाने वाली ग्राम पंचायत उमरदा, नवागांव, थूहा और बंगोली के कार्यकर्ताओं का सम्मान किया गया।

समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्री कावरे ने शिक्षा को सामाजिक विकास की नींव बताया। लेखक विनोद कोसले ने युवाओं से यूपीएससी चयनित डायमंड ध्रुव से प्रेरणा लेकर देश के शीर्ष पदों पर पहुंचने का आह्वान किया, जबकि भावसिंह डहरे ने मितानी प्रथा को बढ़ावा देने की बात कही। विशिष्ट अतिथि के रूप में मंत्रालय के अपर सचिव देवलाल भारती, डिप्टी डायरेक्टर अश्वनी बंजारा, सेवानिवृत्त जज एस.एल. मात्रे सहित कई प्रबुद्धजन उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन शैलेश कुर्रे विद्रोही व नॉलेश कुर्रे और आभार प्रदर्शन सचिव रूपेंद्र बघेल ने किया।

# कुरूद को मिली 2 करोड़ की सौगात



- नए बाजार परिसर और सनसिटी सहित विभिन्न वार्डों में 33 विकास कार्यों का भूमिपूजन
- विष्णु के सुशासन और अजय के विकास रथ से संवर रहा नगर : ज्योति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

नगर के चहुंमुखी विकास और मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए नगर पालिका परिषद द्वारा एक बड़ी सौगात दी गई है। नगर के विभिन्न वार्डों सहित नए बाजार परिसर और सनसिटी कॉलोनी में करीब 2 करोड़ रुपए की लागत वाले 33 विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगरपालिका अध्यक्ष ज्योति चंद्राकर रहीं।

इस अवसर पर नगरवासियों को संबोधित करते हुए अध्यक्ष श्रीमती चंद्राकर ने कहा कि प्रदेश में विष्णुदेव साय के सुशासन और क्षेत्र में अजय चंद्राकर के विकास रथ को नगर में निरंतर आगे बढ़ाया जा रहा है। वर्तमान में सभी वार्डों में युद्ध स्तर पर विकास कार्य जारी है। उन्होंने एक बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि आने वाले एक वर्ष के भीतर पूरे नगर में बिजली का जाल बिछाने का कार्य किया जा रहा है, जिससे प्रकाश व्यवस्था और सुदृढ़ होगी।

**जनभावनाओं के अनुरूप होंगे विकास कार्य**

नपा अध्यक्ष ने आगे कहा कि नगर में मूलभूत सुविधाओं के विस्तार का काम अब बिना रुके निरंतर चलता रहेगा। बड़े प्रोजेक्ट्स को आकार देने के साथ-साथ जनभावनाओं और स्थानीय जनप्रतिनिधियों की मांगों के अनुसार सभी छोटे-छोटे विकास कार्यों को प्राथमिकता से पूरा किया जा रहा है, जिसका असर जल्द ही धरातल पर लगातार देखने को मिलेगा।

इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि भानु चंद्राकर, भाजपा मंडल अध्यक्ष कृष्णकांत साहू, भाजपा नगर संयोजक भोजराज चंद्राकर, पार्षदगण मिथिलेश बैस, महेंद्र गायकवाड़, राजकुमारी ध्रुव, कविता चंद्राकर, राखी चंद्राकर, अर्जुन ध्रुव के साथ विनोद चंद्राकर, कोमल साहू, कमलेश चंद्राकर, बल्लू चंद्राकर, किशोर यादव, कमल शर्मा, कुमार जांगड़े, प्रवीण शर्मा, केवल साहू, प्रकाश धीवर, चुनमुन चंद्राकर, धनेश बैस, ओमप्रकाश साहू के अलावा सीएमओ महेंद्र गुप्ता सहित पालिका के कर्मचारी और नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130



## खबर संक्षेप

### दवा व्यापार बंद को मिला कैट का समर्थन

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन द्वारा 20 मई को प्रस्तावित मेडिकल व्यापार बंद को लेकर व्यापारिक संगठनों ने समर्थन देना शुरू कर दिया है। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स कैट ने ऑनलाइन व्यापार और भारी डिस्काउंट संस्कृति के खिलाफ एकजुटता दिखाते हुए दवा व्यापारियों के समर्थन में आवाज उठाई है। कैट की रायपुर स्थित प्रदेश कार्यालय में आयोजित बैठक में प्रदेशभर के विभिन्न व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक में सर्वसम्मति से दवा व्यापारियों के आंदोलन को नैतिक समर्थन देने का निर्णय लिया गया। व्यापारिक नेताओं ने कहा कि ऑनलाइन कंपनियों की लगातार बढ़ती छूट और असमान व्यापारिक व्यवस्था से छोटे एवं पारंपरिक व्यापारियों को नुकसान हो रहा है। धमतरी से महेश जसूजा, सलज अग्रवाल, सुरेश महावर, रामू वाधवानी, महेश रोहरा और मोहन लालवानी सहित व्यापारिक प्रतिनिधियों ने बैठक में भाग लेते हुए आंदोलन को समर्थन दिया। व्यापारियों ने कहा कि मेडिकल व्यापार ही नहीं बल्कि सभी पारंपरिक व्यवसाय इस स्थिति से प्रभावित हो रहे हैं। स्थानीय बाजारों में छोटे व्यापारियों की स्थिति लगातार कमजोर होती जा रही है, जिससे रोजगार पर भी असर पड़ रहा है। बैठक में वोकल फॉर लोकल और सशक्त स्वदेशी को बढ़ावा देने पर भी चर्चा हुई। व्यापारिक संगठनों ने कहा कि यदि समय रहते समान व्यापारिक नीति लागू नहीं की गई तो पारंपरिक व्यापार गंभीर संकट में आ सकता है। प्रदेश कैट टीम के निर्देशानुसार धमतरी की कैट टीम ने 20 मई के प्रस्तावित मेडिकल व्यापार बंद को समर्थन देते हुए व्यापारी एकजुटता मजबूत करने का संकल्प लिया।

### कर्राभौना के समाजसेवी मोहन ने किया 13वीं बार रक्तदान

**भंवरपुर।** क्षेत्र के ग्राम कर्राभौना निवासी मोहन चौहान ने मानवता की सेवा की प्रतिबध्दता दोहराते हुए ब्लड बैंक पहुंचकर 13वीं बार रक्तदान किया। चौहान ने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है। उन्होंने बताया कि मेरे द्वारा दिया गया रक्त यदि किसी की जीवन दे सके यह मेरे जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धि होगी। उन्होनें संदेश दिया है कि रक्तदान से डरना नही चाहिए, यह पूरी तरह सुरक्षित है और इससे शरीर को कोई नुकसान नहीं होता।

### शिक्षिका के वेतन से राशि वसूली व वार्षिक वेतनवृद्धि रोकने का आदेश

**महासमुंद।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना गलत लाभ लेकर यात्रा करने के मामले में लोक शिक्षण छग के संचालक ने बेमचा हायर सेकंडरी स्कूल की व्याख्याता किरण पटेल के विरूद्व मिली शिकायत पर कारवाई करते हुए संपूर्ण व्यय की राशि की वसूली वेतन से किए जाने तथा आगामी एक वार्षिक वेतनवृद्धि, असंचयी प्रभाव से रोके जाने का आदेश दिया है।

### अंधड़ और तेज बारिश से जनजीवन प्रभावित

**पटेवा।** क्षेत्र में शनिवार शाम अचानक आए तेज अंधड़ और बारिश ने जनजीवन को प्रभावित कर दिया। जहां एक ओर लोगों को भीषण गर्मी से कुछ राहत मिली, वहीं दूसरी ओर तेज हवाओं और बारिश ने कई परिवारों को नुकसान भी पहुंचाया। तेज अंधड़ के कारण कई जगह पेड़ गिर गए तथा घरों के टिन शेड और छप्पर उड़ गए।

# युद्ध और टैरिफ की मार से धमतरी का तिलापिया कारोबार संकट में

हरिभूमि न्यूज ▶▶|धमतरी

कभी अमेरिका और खाड़ी देशों में भारी मांग के कारण तेजी से बढ़ रहा धमतरी जिले का तिलापिया मछली कारोबार अब संकट के दौर से गुजर रहा है। अंतरराष्ट्रीय हालात, अमेरिका की टैरिफ नीति और युद्ध की स्थिति ने जिले के मछली कारोबारियों की चिंता बढ़ा दी है। निर्यात पूरी तरह प्रभावित होने से अब स्थानीय बाजार में ही मछली खपाने की मजबूरी बन गई है, जहां न पर्याप्त मांग मिल रही है और न ही उचित दाम।

पिछले दो वर्षों से धमतरी सहित आसपास के जिलों में उत्पादित तिलापिया मछली को कोलकाता की एक कंपनी के माध्यम से अमेरिका और गल्फ देशों में भेजा जा रहा था। विदेशों में अच्छी मांग मिलने से कारोबारियों ने किसानों को प्रोत्साहित कर बड़े स्तर पर उत्पादन बढ़ाया। इसके लिए दुधावा, बालोद, बांगो, कोरबा और सिकासेर जैसे क्षेत्रों में लाखों रुपये खर्च कर केज लगाए गए। केज में तैयार मछली साफ पानी में पाली जाती है, जिससे उसकी गुणवत्ता बेहतर रहती है और लैब परीक्षण में भी वह निर्यात के मापदंडों पर खरी उतरती है।

**अमेरिका द्वारा भारत पर 50% टैरिफ लगाए जाने के बाद निर्यात पर पड़ा असर**



**धमतरी में फंसा 500 टन मछली का स्टॉक**

निर्यात बंद होने से अब मछली उत्पादकों के सामने सबसे बड़ी चुनौती तैयार माल की बिक्री की है। धमतरी जिले में तिलापिया मछली का उत्पादन एक हजार टन से अधिक पहुंच चुका है, जिसमें करीब 500 टन मछली विदेश भेजने की तैयारी थी। अब स्थानीय बाजार में केवल 110 से 120 रुपये प्रति किलो के हिसाब से बिक्री करनी पड़ रही है, जबकि पहले यही मछली 150 से 170 रुपये प्रति किलो तक बिकती थी। कारोबारियों का कहना है कि एक किलो तिलापिया तैयार करने में 80 से 90 रुपये तक लागत आती है। ऐसे में कम दाम और धीमे उठाव के कारण मुनाफा लगभग खत्म हो गया है।

कारोबारियों के अनुसार जनवरी में अमेरिका द्वारा भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाए जाने के बाद निर्यात पर असर पड़ा। बाद में टैरिफ घटाकर 10 प्रतिशत कर दिया गया, जिससे फिर उम्मीद जागी थी, लेकिन फरवरी में अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच बढ़े तनाव और युद्ध की स्थिति ने निर्यात प्रक्रिया को पूरी तरह रोक दिया। खाड़ी क्षेत्रों में जहाज फंसने और अंतरराष्ट्रीय व्यापार प्रभावित होने से कोलकाता की कंपनी ने मछली के ऑर्डर रद्द कर दिए।

धीमी बिक्री से उत्पादन लागत लगातार बढ़ रही है, क्योंकि तैयार मछलियों को रोजाना दाना खिलाना पड़ रहा है। वहीं गर्मी के मौसम में यदि समय पर बिक्री नहीं हुई तो मछली खराब होने का भी खतरा बना हुआ है। कारोबारियों का कहना है कि अब उत्पादन कम करने की स्थिति बन रही है, जिसका असर इस व्यवसाय से जुड़े सैकड़ों लोगों की आजीविका पर पड़ेगा।

मछली कारोबार से जुड़े लोगों ने बताया कि तिलापिया मछली लगभग 210 दिनों में तैयार होती है। जब उत्पादन शुरू किया गया था तब विदेशों में भारी मांग थी, लेकिन मछली तैयार होते-होते हालात बदल गए। अब लाखों रुपये खर्च कर लगाए गए केज और बढ़े उत्पादन की लागत निकालना भी मुश्किल दिखाई दे रहा है।

## सीएम ने कहा : धमतरी बनेगा उद्योग, पर्यटन और निवेश का उभरता केंद्र

## सुशासन तिहार में धमतरी को मिली विकास की नई पहचान

# जिले के उज्ज्वल भविष्य की परिकल्पना है ड्रीम कॉरिडोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶|धमतरी

सुशासन तिहार में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने धमतरी ड्रीम कॉरिडोर की शॉर्ट डॉक्यूमेंट्री वीडियो का विमोचन किया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने वीडियो देखने के बाद अधिकारियों से चर्चा करते हुए कहा कि धमतरी ड्रीम कॉरिडोर प्रदेश के विकास विजन का महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह परियोजना उद्योग, पर्यटन, कृषि आधारित गतिविधियों और युवाओं के रोजगार को नई दिशा देगी। हमारी सरकार विकास को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के संकल्प के साथ कार्य कर रही है और आने वाले समय में धमतरी छत्तीसगढ़ की विकास यात्रा का प्रमुख केंद्र बनेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि धमतरी ड्रीम कॉरिडोर केवल एक परियोजना नहीं, बल्कि जिले के उज्ज्वल भविष्य की व्यापक विकास परिकल्पना है, जो आने वाले वर्षों में धमतरी को प्रदेश के अग्रणी औद्योगिक एवं पर्यटन केंद्र के रूप में स्थापित करेगी। ड्रीम कॉरिडोर परियोजना अंतर्गत जिले में इंडस्ट्रियल साइट, औद्योगिक क्लस्टर एवं आधुनिक औद्योगिक पार्क विकसित किए जा रहे हैं। परियोजना में लगभग 5 हजार करोड़ रुपये के निवेश की संभावना व्यक्त की गई है, जिससे 6 हजार से अधिक युवाओं को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। वर्तमान में पशुपति फीड, गणेश गुलाल, फायर वर्क उद्योग, खादी उद्योग, सीड प्रोसेसिंग यूनिट, फूड प्रोसेसिंग यूनिट, फूड पार्क, वनोपज मार्केट, होलसेल मार्केट, सब्जी मार्केट, बीपीओ सेंटर, को-वर्किंग स्पेस एवं स्किल सेंटर जैसे विविध क्षेत्रों में कार्य प्रारंभ हो चुके हैं। इसके साथ ही हाला इलेक्ट्रिक व्हीकल इकाई, हॉकिंस प्रेशर कुकर इकाई एवं टेक्सटाइल इकाई की स्थापना हेतु भूमि चिन्हांकन की प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है। परियोजना में हरित विकास को प्राथमिकता देते हुए सौर ऊर्जा, बायोगैस प्लांट एवं पर्यावरण संरक्षण आधारित गतिविधियों को भी शामिल किया गया है।



**पर्यटन स्थलों को होगा कायाकल्प**

परियोजना के माध्यम से जिले के पर्यटन स्थलों को भी नई पहचान देने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। गंगरेल बांध, सिहावा स्थित महानदी उद्गम क्षेत्र, रूद्रेश्वर कॉरिडोर तथा प्रस्तावित इको टूरिज्म विलेज जैसे स्थलों को आधुनिक पर्यटन सुविधाओं एवं बेहतर सड़क संपर्क से विकसित किया जा रहा है। इससे स्थानीय पर्यटन को बढ़ावा मिलने के साथ-साथ क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी।

**मजबूत कनेक्टिविटी से मिलेगी मदद**

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने बताया कि धमतरी ड्रीम कॉरिडोर की विशेषता इसकी मजबूत कनेक्टिविटी है। धमतरी राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क से जुड़ा हुआ है तथा भारतमाला परियोजना अंतर्गत विकसित सड़क मार्ग जिले को अन्य राज्यों से सीधे जोड़ रहा है। रेल सेवा प्रारंभ होने से परिवहन और व्यापारिक गतिविधियों को नई गति मिली है, वहीं रायपुर एयरपोर्ट की निकटता जिले को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय संपर्क से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

**नई संभावनाएं नई पहचान**



ड्रीम कॉरिडोर परियोजना धमतरी जिले की संभावनाओं को नई पहचान देने वाली महत्वाकांक्षी पहल है। जिला प्रशासन निवेश, अधोसंरचना विकास, पर्यटन संवर्धन और स्थानीय युवाओं के कौशल विकास को एकीकृत दृष्टिकोण से आगे बढ़ा रहा है। यह परियोजना रोजगार सृजन के साथ-साथ जिले की सामाजिक एवं आर्थिक प्रगति में मील का पत्थर साबित होगी।

*- अबिनाश मिश्रा, कलेक्टर धमतरी*

## केंद्रीय गृहमंत्री शाह का प्रीतेश ने वस्त्र भेंटकर किया स्वागत



**धमतरी।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह को रायपुर एयरपोर्ट पर प्रीतेश गांधी प्रदेश सह कार्यालय मंत्री भाजपा छग ने अंगवस्त्र भेंटकर आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर श्री गांधी ने कहा कि श्री शाह से प्राप्त स्नेह एवं अपनत्व से मैं काफी अभिभूत हूं।

## खेल एवं योग के विस्तार को लेकर विधानसभा अध्यक्ष से मिले लक्ष्मण



हरिभूमि न्यूज ▶▶|धमतरी

प्रसिद्धि योग संघ धमतरी के सदस्यों ने कुश्ती संघ के जिला अध्यक्ष लक्ष्मण साहू के नेतृत्व में सोमवार को विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह से मुलाकात कर जिले में खेल एवं योग गतिविधियों के विस्तार को लेकर चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल ने खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने तथा युवाओं को योग से जोड़ने के संबंध में मार्गदर्शन प्राप्त किया।

इस दौरान लक्ष्मण साहू ने केंद्र एवं राज्य शासन से आग्रह करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में आमजन के स्वास्थ्य लाभ हेतु निःशुल्क योगाभ्यास शुरू किया जाना चाहिए। साथ ही योग प्रशिक्षकों के लिए मानदेय निर्धारित करने की मांग भी रखी गई, जिससे योग के क्षेत्र में कार्यरत प्रशिक्षकों को प्रोत्साहन मिल सके। मुलाकात के दौरान डॉ. संदीप साहू, उमराव साहू, उत्तरा सिंह गौतम, संतोषी बिनवालकर, खिलेश्वर साहू, डॉली यादव, ममता ठाकुर, डोमिन साहू, तिलक ध्रुव एवं उमेंद्र भारद्वाज उपस्थित थे।

## कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ की जमकर नारेबाजी

# डीजल-पेट्रोल की बढ़ी कीमत को लेकर कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन





हरिभूमि न्यूज ▶▶|अंवरी

लगातार बढ़ रही महंगाई तथा डीजल-पेट्रोल की कीमत को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी भखारा द्वारा स्थानीय पेट्रोल पंप में प्रदर्शन किया गया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए आम जनता पर बढ़ते आर्थिक बोझ को लेकर विरोध जताया। प्रदर्शन के दौरान जिला अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर ने कहा कि पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की कीमत में लगातार वृद्धि होने से आम नागरिकों का जीवन प्रभावित हो रहा है। ब्लॉक अध्यक्ष होमेंद्र साहू ने कहा कि महंगाई के कारण खाद्य सामग्री, परिवहन तथा दैनिक उपयोग की वस्तुओं के दाम भी लगातार बढ़ रहे हैं, जिससे गरीब एवं मध्यम वर्ग सबसे अधिक परेशान है। पूर्व विधायक लेखराम साहू ने कहा कि आम जनता महंगाई की मार से पूरी तरह झुलस गई है। दाल, तेल, सब्जी, दूध, राशन, शिक्षा, स्वास्थ्य, गैस की कीमत बढ़ने से जनता बेहद परेशान नजर आ रही है। डबल इंजन की सरकार महंगाई रोकने में विफल है । सरकार ने किसानों को हताश एवं निराश कर दिया है। बीजेपी के नेता अपने भाषण में कहते हैं कि डीजल पेट्रोल कम खरीदो, सोना चांदी मत खरीदो लेकिन आज जगह-जगह सुशासन तिहार मनाया जा रहा है। सुशासन तिहार में हजारों लोगों की 100 - 200 गाड़ियां पहुंचती है।

इसके लिए पेट्रोल- डीजल कहां से आता है। बीजेपी वालों की गाड़ी रुक नहीं रही है। मौके पर ब्लॉक कांग्रेस प्रभारी सूर्याराव पवार, पूर्व जनपद अध्यक्ष शारदा साहू, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष भरत नाहर, विनोद साहू, नेता प्रतिपक्ष अविनाश गौर, पार्षद मेघराज साहू, जिला महामंत्री राजू साहू, नम्मू साहू, मंडल अध्यक्ष रामचंद्र साहू, संतोषी निषाद, राजा बंजारे, चम्मन साहू, प्रमोद सिन्हा, ब्लॉक कांग्रेस प्रभारी महामंत्री लेखराम यादव, मनोज साहू, कोषाध्यक्ष रूपचंद साहू, ब्लॉक कांग्रेस के उपाध्यक्ष मीलू राम साहू, यतीश सिन्हा, अनुसुइया रात्रे, सागर गौर, सचिव समीर गौर, मुकेश साहू, जितेन्द्र जांगड़े, अनिल निर्मलकर, युवा कांग्रेस अध्यक्ष पोखराज साहू, एनएसयूआई के ब्लॉक अध्यक्ष सौरभ पाल, जिला युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष मयंक कोसरे, आदित्य बघेल समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### ट्रैक्टर की टक्कर से बुजुर्ग की मौत, नाती घायल

**नगरी।** शनिवार की दोपहर फॉरेस्ट ऑफिस बिरगुड़ी बड़े के पास एक दर्दनाक सड़क हादसे में ग्राम बिरगुड़ी निवासी हरिकलाल समुंद्र की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनके साथ मौजूद नाती अनुज समुंद्र घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार हरिक लाल समुंद्र अपने नाती अनुज समुंद्र के साथ मोटरसाइकिल छोड़ने फॉरेस्ट ऑफिस बिरगुड़ी बड़े के पास गए थे। वापस लौटते समय फॉरेस्ट ऑफिस के गेट के पास अचानक एक ट्रैक्टर से जोरदार टक्कर हो गई। हादसा इतना गंभीर था कि हरिक लाल समुंद्र ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। वहीं, अनुज समुंद्र की आंख में गंभीर चोट आई। प्राथमिक उपचार के पश्चात उसे बेहतर इलाज के लिए धमतरी रेफर किया गया। हरिकलाल समुंद्र क्षेत्र में हल्बा समाज के एक सम्मानित व्यक्ति थे और सामाजिक कार्यों में उनकी सक्रिय भागीदारी रही है। वे समाज सेवा के लिए भी जाने जाते थे। उनके निधन से गांव सहित समाज में शोक की लहर है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग और पुलिस मौके पर पहुंचे। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की जांच प्रारंभ कर दी है।

### समर्थन मूल्य में वृद्धि नाकाफी : घनाराम

**धमतरी।** किसान नेता घनाराम साहू ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा 2026-27 खरीफ सीजन के लिए धान और अन्य फसलों के समर्थन मूल्य में मामूली वृद्धि किसानों के लिए लाभकारी नहीं है। धान का समर्थन मूल्य प्रति क्विंटल 2369 रुपए से बढ़ाकर 2440 रुपए किया गया है, जबकि डीजल, पेट्रोल, खाद, मजदूरी और अन्य लागत में वृद्धि के कारण यह किसानों के लागत मूल्य से काफी कम है। उड़द, मूंग, मक्का, गेहूं, सरसों और अन्य फसलों में भी वृद्धि नगण्य है। इससे किसानों को लागत का सही मूल्य नहीं मिल रहा और फसल परिवर्तन या जल संरक्षण पर असर पड़ रहा है। छत्तीसगढ़ में धान का समर्थन मूल्य केंद्र द्वारा 3300 रुपए तक होना चाहिए, लेकिन वर्तमान में मंडियों में 1600-1700 रुपए में बिक रहा है। घनाराम ने कहा कि न्यूनतम समर्थन मूल्य गारंटी कानून को प्रभावी रूप से लागू किया जाए, ताकि किसानों को वास्तविक लाभ मिल सके और उन्नत कृषि की ओर रुझान बढ़े।



**लंबे समय बाद हुए पुनर्मिलन में दोस्ती, अपनापन और बचपन की यादें जीवंत हो उठीं**

# 19 साल बाद मिले नत्थूजी जगताप स्कूल के सहपाठी

हरिभूमि न्यूज ▶▶|धमतरी

नत्थूजी जगताप स्कूल के वर्ष 2007 बैच के विद्यार्थियों का मिलन समारोह आयोजित किया गया। करीब 19 साल बाद एक-दूसरे से मिले सहपाठियों ने पुरानी यादों को साझा किया और इस पल को भावुक एवं यादगार बताया। लंबे समय बाद हुए इस पुनर्मिलन में दोस्ती, अपनापन और बचपन की यादें फिर से जीवंत हो उठीं।

कार्यक्रम में शामिल पूर्व विद्यार्थियों ने कहा कि स्कूल जीवन में मिले संस्कार और शिक्षा ने उन्हें जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। उन्होंने अपने गुरु अशोक पवार के योगदान को विशेष रूप से याद करते हुए कहा कि उनकी सीख आज भी जीवन का आधार बनी हुई है।




सहपाठियों ने बताया कि पढ़ाई पूरी करने के बाद सभी अपने-अपने लक्ष्य की ओर बढ़ गए और अलग-अलग क्षेत्रों में अपनी पहचान बनाई। बैच के कई विद्यार्थी वर्तमान में पुलिस विभाग, बैंकिंग, मंत्रालय, परिवहन एवं आरटीओ विभाग, कृषि क्षेत्र तथा निजी कंपनियों में सेवाएं दे रहे हैं।

सभी ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि जीवन की व्यस्तताओं के बावजूद दोस्ती का रिश्ता आज भी पहले जैसा मजबूत बना हुआ है। मिलन समारोह के दौरान सहपाठियों ने पुराने दिनों को याद करते हुए एक-दूसरे के साथ समय बिताया।

कार्यक्रम में हंसी, खुशी और भावुक पलों का माहौल देखने को मिला। सभी ने भविष्य में भी आपसी संपर्क बनाए रखने और ऐसे आयोजन लगातार करते रहने का संकल्प लिया।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 18,500/-
15 दिन
स्पेशल ट्रेन से- 31 अगस्त से 14 सितम्बर 2026 (15 दिन)
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव), धारी देवी, चोपता
14 सितम्बर, 26 सितम्बर,
10 अक्टूबर, 22 अक्टूबर, 2026
राशि:-स्लीपर-18,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

चर्म रोग एवं एलर्जी क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स)
सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 3 एवं शाम 5 से 8 बजे तक (मंगलवार बंद)
पता : हनुमान मंदिर के पास सिहावा चौक, धमतरी
मो. 86027-50020

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - घातुस्त्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज